# छात्राओं को दी महिला सशक्तिकरण एवं बाल अधिकारों की जानकारी

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महिला बाल विकास द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं बाल अधिकारों की जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला कसोटिया की अध्यक्षता में दी गयी। महिला बाल विकास से आयी श्रीमती सुष्मिता जोशी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के माध्यम से ही समाज में जागरुक होकर लिंग आधारित भेदभाव खत्म किया जा सकता है। आदिम जाति कल्याण विभाग की मीना प्रसाद ने छात्राओं को शिक्षा का अधिकार के माध्यम से सशक्त होने की जानकारी दी। बाल अधिकार प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे शाश्वत अग्रवाल एवं इप्सा अगवानी ने प्री. मेट्रिक एवं पोस्ट मेट्रिक की छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुए विस्तृत चर्चा की तथा आत्मनिर्णय व आत्मविश्वास पर जोर दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्राओं को सामाजिक बुराइयों का सामना सशक्तिकरण के माध्यम से करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने किया।

25-7-14

प्रभारी अधिकारी
(डॉ. मंजरी अग्निहोत्री)

25-7-14

(डॉ. सरला कसोटिया)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर

भोपाल, शनिवार 02 अगस्त 2014 | नवदुनिया | 19

## सशक्तिकरण की दी जानकारी

सीहोर (ब्यूरो)। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महिला बाल विकास द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं बाल अधिकारों की जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला कसोटिया की अध्यक्षता में दी गई। महिला बाल विकास से आई श्रीमति सुष्मिता जोशी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के माध्यम से ही समाज में जागरुक होकर लिंग आधारित भेदभाव खत्म किया जा सकता है। आदिम जाति कल्याण विभाग की श्रीमति मीना प्रसाद ने छात्राओं को शिक्षा का अधिकार के माध्यम से सशक्त होने की जानकारी दी। बाल अधिकार प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे शाश्वत अग्रवाल एवं इप्सा अगवानी ने प्री-मेट्रिक एवं पोस्ट मेट्रिक की छात्राओं को उनके अधिकारों के पर विस्तृत चर्चा की।

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in

वेव. :– www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

सीहोर, दिनांक 09/12/2015

# बाल विवाह के विरूध्द जन जागृती हेतु कार्यशाला

कार्यालय जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी जिला सीहोर एंव शा कन्या महाविद्यालय की एन एस एस इकाइ के संयुक्त तत्वाधान में लाडो अभियान के अन्तर्गत दिनांक 9.12.2015 को बाल विवाह के विरूध्द एक कार्यशाला का अयोजन किया गया है। कार्यशाला मे छात्राओ को बताया गया कि विवाह के समय बालिका की उम्र 18 वर्ष एंव बालक की उम्र 21 वर्ष से कम नही होना चाहिए। यदि बाल विवाह हो जाता है तो वह शुन्य माना जाऐगा। कोर्ट में उसे आदेश अनुसार शुन्य किया जाता है तथा माता पिता को भी इसके लिए दण्डित किया जाता है।

सीहोर जिले में बाल विवाह रोकने हेतु एक कमेठी का गठन किया गया है जिसमे जनपद के अधिकारी शिक्षक आदि समिम्लित है।

कार्यशाला में एन एस एस एंव महाविद्यालय की छात्राओ के साथ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमति सुमन तनेजा डॉ सुधा लाहोटी डॉ अमोल मांजरेकर डॉ कलिका डोलस महिला बाल विकास विभाग एवं महिला सशक्तिकरण से श्रीमति उषा श्रीमति शशि राठौर एंव श्री सदीप मीणा उपस्थित थे

श्री मति उषा शर्मा ने कार्यशालाा के अन्त मे सभी का आभार व्यक्त किया।

159

नवदुनिया
www.naidunia.com
भोपाल, शनिवार 30 जनवरी 2016

आयोजन | राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के समापन अवसर पर अतिथियों ने किया बालिकाओं का सम्मान

# छात्राओं को बताए सायबर क्राइम से बचने के तरीके

**सीहोर(ब्यूरो)।** 24 जनवरी से 29 जनवरी तक राष्ट्रीय बालिका सप्ताह का समापन कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर सुदाम खाडे, विशेष अतिथि आरआर. भोंसले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीहोर, राजेश अग्रवाल महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीहोर, आरती शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी सीहोर, अध्यक्ष रंजिता पटेल जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी जिला सीहोर रहे।



सीहोर। बैठक में छात्राओं को बताए सायबर क्राइम से बचने के तरीके।

इस मौके पर कलेक्टर श्री खाडे ने बालिकाओं को सोशल मीडिया पर बढ़ रहे अपराधों के प्रति जागरूक एवं सतर्कता संबंधी बातें बताईं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने संबंधी बातें बताईं। श्री अग्रवाल ने बालिकाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के विषय में जानकारी प्रदान की व बताया कि आप स्वयं का रोजगार स्थापित करके मालिक बनें न कि नौकर। आरती शुक्ला जी ने बालिकाओं को विधि एवं कानून संबंधी जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य अतिथि महोदय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में होनहार बालिकाओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र भी भेंट किए गए। कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित शैलेन्द्र सिंह तोमर, सुशील साल्वे, शैलेंद्र राजपूत ने बालिकाओं को सायबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए जानकारियां प्रदान की। आत्मरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए विजय राठौर ने स्वयं बालिकाओं को विभिन्न स्टेप्स दिखाए साथ ही बालिकाओं को सिखाया भी। कार्यक्रम में शासकीय अग्रणी महाविद्यालय, कन्या महाविद्यालय, कस्तूरबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय, छात्रावासों में अध्ययनरत बालिकाओं के साथ बाल कल्याण समिति के सदस्यों, अशासकीय संस्था जन सेवा संकल्प, सर्वजन कल्याण एवं उत्थान समिति के प्रतिनिधि एवं विद्यालय महाविद्यालय व छात्रावासों के शिक्षिकाओं के साथ 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन परामर्शदाता सुरेश पांचाल ने किया। आभार सामाजिक कार्यकर्ता संदीप मीना ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला महिला सशक्तिकरण कार्यालय के संरक्षण अधिकारी अमित दुबे, लेखापाल आशीष तिवारी, शशि राठौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

84

# छात्राओं को दिया सशक्तिकरण का संदेश (10.2.16)

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्रतिभा बैंक के संयुक्त तत्वाधान में महिला प्रभाग, राजयोग शिक्षा एवं शोध संस्थान तथा प्रजापति ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आबू पर्वत (राज.) द्वारा आयोजित **"बेटी बचाओं, सशक्त बनाओ"** पर एक व्याख्यान माला कार्यकम में सागर से आई बहन नीलू ने नारी अपने सात गुणों–करूणा, प्रेम, सुख, शांति, पवित्रता, समर्पण तथा आत्म विश्वास के साथ स्वयं को सशक्त बना सकती है। उसको अपने दैवीय गुणों को जागृत करके आध्यात्मिक ज्ञान भी अर्जित करना है। महाराष्ट्र से आई बहन सुनीता ने छात्राओं को बाह्य आवरण की ओर आकर्षित न होकर अच्छे आचरण को अपनाने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने पूजा चित्र की न कर चरित्र की करनी चाहिये का संदेश दिया। नारी शक्ति एवं गुणों का इस्तेमाल कर न केवल स्वयं के, परिवार के बल्कि समाज के विकास में भी सहायक होती है। नारी भौतिक जगत में आध्यात्मिक शक्ति द्वारा ही अपने आप को सुरक्षित बना सकती है। नैतिक मूल्य, नैतिक ज्ञान के आधार पर ही जीवन को सही दिशा मिलती है। व्यवहारिक उदाहरणों से छात्राओं को उनकी छिपी शक्तियों एवं कलाओं को जागृत करके सही मार्ग पर चलकर लक्ष्य प्राप्ति का संदेश दिया। इस कार्यकम में सीहोर जिले की प्रभारी ब्रम्हाकुमारी पंचशीला बहन, बहन ज्योती, आष्टा से बहन कुसुम तथा भोपाल से ब्रम्हकुमार महेश उपस्थित रहे। कार्यकम का संचालन रासेयो प्रभारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री तथा आभार प्रतिभा बैंक प्रभारी डॉ. सुधा लाहोटी ने किया।





ीहोर (म.प्र.) कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706
सई–मेलः–heggcseh@mp.gov.in
वेब. :– .,mp.gov.in/highereducation/ggdcsehore

# सहजयोग के माध्यम से तनाव मुक्त रहने की सीख

आज दिनांक 08–03–2017 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सहजयोग के माध्यम से महिला सशक्तिकरण विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहजयोग संस्था सीहोर से आये श्री प्रिन्स डासानिया, श्रीमती वन्दना दासवानी, श्री अशोक परमार, श्री दीनेश मीणा, श्री छोटू डासानिया, प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, ग्रन्थपाल डॉ. राकेश खरे का राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा तिलक एव बेज लगाकर स्वागत किया गया। श्री प्रिन्स डासानिया जी ने छात्राओं को स्वयं की शक्ति पहचानने का मंत्र देते हुए कहा कि सहजयोग के माध्यम से स्वयं को पहचानना आसान है। सहजयोग का अर्थ है कि सरल माध्यम से स्वयं की शक्तियों से जुडना। हमारे शरीर में कुल सात ऊर्जा केन्द्र है जो हमें ऊर्जा प्रदान कर न केवल शक्ति का संचार करते है बल्कि निर्मल,शुद्ध,सकारात्मक विचार,निर्भयता,आत्मविश्वास के साथ–साथ आत्मबोध,आत्मसाक्षात्कार एवं आत्मज्ञान कराते है। श्रीमती वन्दना ने कहा कि हमारी शुद्व इच्छा ही दिन भर कार्य करती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। ध्यान करने से छात्राएँ अपनी शारीरिक,मानसिक एवं भावानत्मक व्याधियों से मुक्ति दिलाते पाती है और आत्मविश्वास में वृद्धि तथा स्वयं निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाती है। श्री डासानिया जी ने सहजयोग को व्यवहारिक रूप से छात्राओं को करवाया। संपूर्ण कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे,रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री,रासेयो जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया के मार्ग दर्शन में पूर्ण हुआ। कार्यक्रम में प्रीति राठौर,निधि टॉंक,प्राची बिसोरिया,विद्या मीणा,योजना चौरसिया,पूजा विश्वकर्मा,ज्योति मालवीय,प्रियंका विश्वकर्मा,दीप्ती नवल,माधवी मालवीय का विशेष सहयोग रहा।

(डॉ. सुमन तनेजा)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर

सीहोर भास्कर
26 जुलाई, 2018

काली नजर पर पेंटिंग | एंटी रैगिंग और सेक्सुअल हरेसमेंट विषय पर कॉलेज की छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं का दिया आकार

# छात्राओं ने पेंटिंग में बताया किस तरह की जाती है छेड़छाड़

भास्कर संवाददाता | सीहोर

कॉलेज आते-जाते किस तरह से असामाजिक तत्व छात्राओं को देखकर फब्तियां कसते हैं और उन्हें किस तरह से घूरते हैं। यह सब गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से बताया। काली नजर पर पेंटिंग प्रतियोगिता में शासकीय गर्ल्स कॉलेज की करीब 30 छात्राओं ने हिस्सा लिया और सेक्सुअल हरेसमेंट विषय पर अपनी पीड़ा ड्राइंग पर उकेरी।

एक सखा सोशल वेलफेयर सोसायटी और पुलिस विभाग द्वारा शासकीय गर्ल्स कॉलेज में एंटी रैगिंग और सेक्सुअल हरेसमेंट विषय पर पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में सोसायटी के अध्यक्ष शुभम चौरसिया ने स्कूल और कॉलेज की छात्राओं को होने वाली परेशानी के बारे में बताते हुए इस तरह की बातें अपने परिजनों को बताने पर जोर दिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुमन तनेजा और प्रोफेसर डॉ. जया शर्मा ने छात्राओं से कहा कि किसी भी चीज का विरोध जरूरी है। उन्होंने छात्राओं के लिए जरूरी हेल्पलाइन नंबर भी बताए। इस मौके पर टीम के विकास महाजन, प्रतिभा वाइकर, पल्लवी शर्मा, शिवांगी जादौन, विकास मेवाड़ा सहित मौजूद थे।



शासकीय गर्ल्स कॉलेज में प्रतियोगिता में पेंटिंग बनाती छात्रा।

## लगाएंगे प्रदर्शनी, पुरस्कार देंगे

प्रतियोगिता के दौरान जिन छात्राओं ने अपनी पेंटिंग बनाई है एक सप्ताह बाद कॉलेज में ही उन पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही श्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। पुरस्कार समारोह में कलेक्टर तरुण कुमार पिथोड़े और एडि. एसपी समीर यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समिति के अध्यक्ष श्री चौरसिया ने बताया कि छात्राओं को ऐसी गतिविधियों का सामना और उसका विरोध करने की सीख दी जाएगी।


GOVT. GIRLS COLLEGE, SEHORE
"INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL"
Celebrates
INTERNATIONAL WOMEN'S DAY
As
MOTHER'S MEET
On

